卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐जय बाबा की 卐卐श्याम बाबा卐ॐ卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 287 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦मंगलवार ♦25 जुलाई 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## मशरूम प्लांट में रैक गिरने से दो महिलाओं की मौत, चार घायल

हरिद्वार(उद ब्यूरो)। रुड़की के झबरेड़ा अंतर्गत कोटवाल आलमपुर गांव के पास स्थित मशरूम प्लांट की रैक टूटने से प्लांट में काम कर रहीं 6 महिलाएं दब गई। जिनमें दो महिलाओ की मौत हो गई है। जबकि कई घायल है, जिन्हें उपचार के लिए भिजवाया गया है। घटना सोमवार देर शाम की है। झबरेड़ा थाना क्षेत्र के कोटवाल गांव के पास मशरूम का प्लांट लगा हुआ है। इस प्लांट में अक्सर 25 से 30 महिलाएं काम करती हैं। सोमवार शाम को कई महिलाएं प्लांट में काम कर रही थी छह महिलाएं प्लांट के स्टोर में मशरूम रखवा रही थीं। इसी बीच अचानक लोहे की (शेष पृष्ठ 7 पर)



## प्रदेश में राज्य योजना आयोग अब समाप्त

### स्टेट इंस्टीट्यूट फॉर इंपावरिंग एंड ट्रांसफॉर्मिंग उत्तराखंड के गठन को मिली मंजूरी,सीएम होंगे अध्यक्ष



देहरादून (उद संवाददाता)। प्रदेश में राज्य योजना आयोग समाप्त हो गया है। अब सशक्त उत्तराखंड को सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने का लक्ष्य पूरा करने के लिए नीति आयोग की तर्ज पर प्रदेश में स्टेट इंस्टीट्यूट फॉर इंपावरिंग एंड ट्रांसफॉर्मिंग उत्तराखंड (सेतु) के गठन को राज्यपाल ने मंजूरी दे दी है। हाल ही में कैबिनेट ने इसके प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। जिसके बाद मंगलवार को सचिव आर मीनाक्षी सुंदरम ने इसके आदेश जारी कर दिए हैं। सेतु के अध्यक्ष मुख्यमंत्री होंगे। साथ ही नियोजन मंत्री उपाध्यक्ष और तीन सलाहकार भी नियुक्त होंगे। सेतु नागरिकों के विकास एवं कल्याण की सामाजिक एवं व्यक्तिगत आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए एजेंडा तैयार करेगा। जन आवश्यकताओं के अनुसार, उनकी पूर्ति के लिए सक्रिय रहेगा।(शेष पृष्ठ 7 पर)

गुरू माँ
उत्तराखंड की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन
गर्मियों में ठंड जैसी राहत
गुरू माँ
36 महीने तक की EMI उपलब्ध
Budget Ac
Premium Split Ac
Mid-Range Split Ac
Heavy-Duty Split Ac
Easy EMI Options Available
SONY Whirlpool SAMSUNG IFB Haier BOSCH VOLTAS
DAIKIN HITACHI MITSUBISHI ELECTRIC GENERAL LLOYD BLUE STAR
Refrigerator की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Deep Freezer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
RO Purifier की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Water Dispencer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Air Cooler की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
RUDRAPUR- Civil Line +91-9927882338, Kashipur Bypass +91-9690282777 , Kashipur Bypass +91-9756233166 , Sony Center +91-9917170230 KASHIPUR- Ramnagar Road +91 8791989500, Cheema Chauraha +91 9927813555 HALDWANI- Tikonia +91-9997207007, Pilikothi +91-8923468434, Pilikothi +91-9690256666, HARIDWAR- Haridwar +91-9761699704 MORADABAD- Moradabad +91-7500839146, GADARPUR- Near Super Market +91-9927850999, KICHHA- Kichha +91-7017595920, LOHAGHAT- Daak Bangla Road +91-9568035735 DEHRADUN- Kaluagarh Road +91-8394949454 PANIPAT- West Market Opp. Central Bank +91-8607964000 KARNAL-Mangal Singh Market +91-8684077000 , 49 Ram Nagar +91-8908350000

## चैती मंदिर के समीप मिला अधेड़ की शव,शिनाख्त नही

काशीपुर। आईटीआई थाना क्षेत्र स्थित चैती मंदिर के पीछे आज सुबह अधेड़ उम्र व्यक्ति की लाश पड़ी होने की सूचना ने क्षेत्र में सनसनी मचा दी। पुलिस को मामले की जानकारी मिलने पर उसने तत्काल मौके पर पहुंचकर जरूरी जानकारी जुटाने के बाद मृतक के शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए उसे पीएम हाउस भेज दिया। खबर लिखे जाने तक मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। प्रथम दृष्टया पुलिस का मानना है कि मृतक नशेड़ी हो सकता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आज सुबह सती मंदिर के पीछे स्थित टीन शेड के पास लगभग 45 वर्षीय एक व्यक्ति के शव पड़े होने की सूचना ने क्षेत्र में सनसनी मचा दी। मंदिर आने जाने वाले श्रद्धालुओं को जैसे ही इसका पता चला मौके पर भीड़ जमा हो गई। इस बीच पुलिस को सूचना मिलने पर वह तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थानीय लोगों से जरूरी जानकारी जुटाने के बाद मृतक के शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए उसे पीएम हाउस भेज दिया। पुलिस की पड़ताल के मुताबिक मृतक मंदिर के आसपास अक्सर घूमता दिखाई देता रहा। पुलिस के मुताबिक मृतक नशेड़ी हो सकता है। खबर लिखे जाने तक मृतक की शिनाख्त के प्रयास जारी हैं।

## अंकित हत्याकांड मामले में फरार नौकर नौकरानी पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। अंकित हत्याकांड मामले में फरार चल रहे माही के नौकर और नौकरानी को भी पुलिस ने पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस दोनों आरोपियों को स्थानीय कोर्ट में पेशी में पेश करने के उपरान्त ट्रांजिट रिमांड पर हल्द्वानी लेकर आयेगी। सूत्र के अनुसार यहां नौकर और नौकरानी से पूछताछ के बाद बुधवार को पुलिस द्वारा खुलासा करने की संभावना है। ज्ञात हो कि माही ने सपेरे रमेश नाथ द्वारा कोबरा सांप डसवा कर अंकित मरवा दिया था। वारदात 14 जुलाई को शाम छह से रात 10 बजे के बीच हल्द्वानी के शांतिविहार कालोनी गोरापड़ाव की है। कभी अंकित के प्यार में दीवानी हुई माही उर्फ डौली की अंकित से दुश्मनी हो गई। अंकित को ठिकाने लगाने के लिए उसने अपने प्रेमी हल्दूचौड़ निवासी दीप कांडपाल की मदद ली। माही ने सपेरे रमेश नाथ से कोबरा सांप मंगवाने के बाद, माही ने अपने प्रेमी दीप कांडपाल के साथ मिलकर अंकित को रात के समय कोबरा से डसवाया और उसे तीनपानी में रेलवे फाटक के पास (शेष पृष्ठ 7 पर)



## तमंचे के साथ युवक दबोचा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। श्याम टाकीज रोड पर पुलिस ने संदिग्ध युवक को तमंचा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक एसआई नीमा बोहरा, प्रकाश भट्ट और कांस्टेबल चंदन सिंह सोमार शाम को गशत पर थे तभी श्याम टाकीज रोड पर मनकामेश्वर मंदिर के पास एक युवक पुलिस की गाड़ी देखकर भागने लगा। संदेह होने पर पुलिस ने उसे दबोच लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम अनिल थापा पुत्र हीरा सिंह थापा (शेष पृष्ठ सात पर)

## साइबर ठगों ने खंगाले तीन खाते,2.57 लाख उड़ाये

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। साईबर ठगों ने एक व्यक्ति के तीन खातों में एक साथ सेंध लगाते हुए 2 लाख 57 हजार 901 रूपये पार कर लिये।पीड़ित ने साइबर क्राइम थाने में मामले की तहरीर दी है जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बाल फार्मा लिमिटेड कंपनी में कार्यरत मूल रूप से शीशगढ़ बरेली निवासी विजय पाल पुत्र पुत्र छेदा लाल फुलसुंगा की चन्द्रा एन्क्लेव कालोनी में किराये के मकान में रहता है। उसने साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में दी तहरीर में बताया कि उसके भारतीय स्टेट बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा और एचडीएफसी बैंक में तीन खाते हैं। पिछले दिनों वह ड्यूटी से घर आया आया तभी उसके मोबाइल पर मैंसेज आने लगे। उसने खाते चैक किये तो एक खाते से 99 हजार 903, दूसरे से 1 लाख और तीसरे खाते से 57,998 रूपये निकल चुके थे। पीड़ित ने बताया कि उसने अपने बैंक खातों से सम्बंधति कोई भी जानकारी (शेष पृष्ठ सात पर)

## हजारों की नगदी सहित तीन जुआरी पकड़े

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। कोतवाली पुलिस ने पोस्टमार्टम हाउस के पास से हजारों की नगदी सहित तीन जुआरियों को गिरफ्तार किया है। तीनों को कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की गयी है। जुआरियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस की टीम ने मुखविर की सूचना पर पोस्टमार्टम हाउस के पास भूरे गुप्ता पुत्र हरिशंकर निवासी रम्पुरा, वाहिद पुत्र लतीफ निवासी पहाड़गंज तथा परवेज पुत्र नसीम खान निवासी भूतबंगला को जुआ खेलते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। मौके से ताश की (शेष पृष्ठ सात पर)



## नैनी झील में युवक का शव मिलने से सनसनी

नैनीताल (उद संवाददाता)। मंगलवार प्रात: नैनी झील में एक युवक का शव तैरता दिखाई देने से लोगों में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर मल्लीताल कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कैपिटल सिनेमा के पास पैडल नौकाओं के बैंड स्टैंड से शव को बरामद किया। मृतक की पहचान करीब 30 वर्षीय मूलत: स्वार रामपुर निवासी व नगर में चीना बाबा मंदिर से आगे आरा मशीन के पास रहने वाले नासिर उर्फ चना पुत्र जब्बार के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार मृतक अविवाहित था और परिवार से अलग रहते हुए टैक्सी चालक एवं गाइड के रूप में कार्य करता था। बताया जाता है कि मृतक नासिर पिछले कुछ दिनों से काफी परेशान चल रहा था और 4-5 दिन से लापता था। उसने अपने साथियों को बताया था कि वह किसी दिन झील में कूद कर अपनी जान दे देगा। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचित करने के साथ ही शव का पंचनामा भर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

# हरीश रावत से मिले पूर्व विधायक ठुकराल

## देहरादून मे दोनों नेताओं की मुलाकात से कांग्रेस में जाने की अटकलें हुई तेज

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के कांग्रेस में जाने की चर्चाएं एक बार फिर तेज हो गयी है। मंगलवार को उन्होंने देहरादून कांग्रेस भवन मे पूर्व सीएम हरीश रावत से मुलाकात की। जिसे लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। बता दें दो बार रूद्रपुर से विधायक रह चुके पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल को एक साल पूर्व हुए विधानसभा चुनाव में हार का मुंह देखना पड़ा था। भाजपा से टिकट कटने के बाद ठुकराल ने बगावत करते हुए निर्दलीय चुनाव लड़ा था। 2022 के विधानसभा चुनाव के बाद से ही ठुकराल के कांग्रेस में जाने की चर्चाएं रह रह कर सियासी हलकों में तैरती रही हैं। इन चर्चाओं को आज एक बार उस समय बल मिल गया जब पूर्व विधायक ठुकराल ने देहरादून कांग्रेस भवन में पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत से मुलाकात की। बताया जाता है कि इस दौरान हरीश रावत और ठुकराल के बीच काफी देर तक सियासी मुद्दों को लेकर चर्चा हुयी। ठुकराल और रावत की इस मुलाकात के बाद सिसयासी हलकों में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया। हालाकि पूर्व विधायक ठुकराल ने इसे एक शिष्टाचार मुलाकात बताया है। दूरभाष पर ठुकराल से जब इस मुलाकात के सम्बंध में सवाल किया तो उन्होंने कहा कि वह किसी काम से देहरादून आये है। इसी दौरान कांग्रेस भवन से गुजरते समय पूर्व सीएम हरीश रावत से भेंट हो गयी । इस दौरान दोनों ने एक दूसरे का हाल जाना। राजकुमार ठुकराल ने कहा कि फिलहाल कांग्रेस में जाने का अभी कोई प्लान नहीं है।



# उत्तराखंड में आपदा से क्षतिग्रस्त सड़कों का प्रस्ताव भेजें : गडकरी

## सीएम पुष्कर सिंह धामी ने केंद्रीय सड़क मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात

नई दिल्ली(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से भेंटकर राज्य की लंबित सड़क परियोजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को नई दिल्ली में मीडिया से बातचीत में कहा कि प्रदेश में बाढ़ से सड़कों की क्षति बड़े पैमाने पर हुई है। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी से भेंट कर उत्तराखण्ड में सड़क कनेक्टिविटी से संबंधित परियोजनाओं पर चर्चा की। उन्होंने केंद्रीय मंत्री को कंडाली से बनी स्टॉल के साथ ही अन्य स्थानीय उत्पाद भी भेंट किए। मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री से सी.आई.आर.एफ के प्रस्तावों पर वित्तीय एवं प्रशासकीय अनुमोदन के लिए अनुरोध किया। केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री ने कहा कि सी. आईआर.एफ में राज्य को 250 करोड़ रूपये की परियोजना की स्वीकृति प्रदान की जाएंगी। मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री से उत्तराखण्ड के पर्वतीय क्षेत्रों में स्थित आपदा से क्षतिग्रस्त हुये राष्ट्रीय राजमार्गों को सुचारू किये जाने के लिए एफ0डी0आर0 (सी0) के अन्तर्गत धनराशि के भुगतान का अनुरोध भी किया। जिस पर केन्द्रीय मंत्री ने इसके



लिए बाढ़ क्षति की मरम्मत के तहत पुनः प्रस्ताव भेजने की बात कही। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय राजमार्ग -109 I के ज्यामितीय सुधार एवं चौड़ीकरण कार्य हेतु उत्तराखण्ड लोक निर्माण विभाग को निर्माण एजेन्सी के रूप में नामित करने की स्वीकृति प्रदान किये जाने का भी अनुरोध किया। इसके लिए केन्द्रीय मंत्री ने सहमति दी। मुख्यमंत्री के अनुरोध पर केंद्रीय मंत्री ने मसूरी की महत्वपूर्ण 02-लेन टनल परियोजना के कार्य को शीघ्रता से करने के लिए एन.एच.ए.आई के अधिकारियों को निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से खटीमा-पीलीभीत बाईपास का निर्माण एन0एच0ए0आई0 के माध्यम से कराये जाने का भी अनुरोध किया। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से यमुनोत्री धाम को जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-123(507) डामटा से बड़कोट के 2-लेन चौड़ीकरण हेतु डी0पी0आर0 लागत रू0 367.35 करोड़ मात्र की स्वीकृति प्रदान करने का भी अनुरोध किया। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि देहरादून रिंग रोड निर्माण कार्य के लिए एन0एच0ए0आई0 द्वारा संरेखण के अंतिमीकरण की कार्रवाई की जा रही है। मुख्यमंत्री ने एन0एच0-(ओ0) के अन्तर्गत इनकी जल्द स्वीकृति का अनुरोध केंद्रीय मंत्री से किया। मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय मंत्री से कुमाऊँ से गढ़वाल मण्डल को जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग ज्योलीकोट से कर्णप्रयाग और उत्तराखण्ड एवं हिमाचल राज्य को जोड़ने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग फेडिज से सनैल के 2-लेन में परिवर्तन के समरेखण प्रस्ताव पर शीघ्र अनुमोदन दिए जाने का अनुरोध किया। बैठक के दौरान उत्तराखण्ड के कैबिनेट मंत्री, लोक निर्माण विभाग श्री सतपाल महाराज, सचिव पीडब्लूडी डॉक्टर पंकज पांडेय भी उपस्थित थे।




# उच्च शिक्षा मंत्री के सामने छात्रों के दो गुटों में हुआ जोरदार हंगामा

## एमबीपीजी कॉलेज हल्द्वानी के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में पोस्टर बैनर लगाने पर हुआ विवाद

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। एमबीपीजी कॉलेज में आयोजित वार्षिकोत्सव में उच्च शिक्षा मंत्री के सामने ही छात्रसंघ के दो गुट आपस में भिड़ गये। करीब 15-20 मिनट तक चले हंगामे के बाद बमुश्किल मामला शांत हुआ। मामले को शांत करने में महाविद्यालय प्रशासन और पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। कार्यक्रम स्थल पर छात्रसंघ का बैनर लगाने का छात्रसंघ उपाध्यक्ष गौरव सम्मल ने विरोध किया। उच्चशिक्षा मंत्री की मौजूदगी में ही उन्होंने समर्थकों के साथ हंगामा शुरू कर दिया। उनका कहना था कि वार्षिकोत्सव का आयोजन महाविद्यालय की ओर से किया गया था। छात्रसंघ अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारियों ने इसका राजनीतिकरण किया। कॉलेज प्रशासन ने आश्वासन दिया था किसी के भी पोस्टर और बैनर नहीं लगेंगे। महाविद्यालय प्रशासन की ओर से लगे बैनर को पूर्व रात्रि में फाड़कर छात्रसंघ ने अपना बैनर लगा दिया था। हंगामा जब नही थमा तो इसके विरोध में छात्रसंघ अध्यक्ष रश्मि लमगड़िया उतर आईं। उन्होंने बैनर लगाए जाने को उचित बताया। उनका कहना था कि महाविद्यालय और छात्रसंघ के सहयोग से कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। सामाजिक सहयोग से कार्यक्रम को भव्य बनाने के इंतजाम किए गए थे। कार्यक्रम को आगाज 2023 नाम दिया गया था। इसी नाम से पोस्टर लगाए गए थे। इसमें किसी पदाधिकारी के नाम नहीं थे। कोई राजनीति नहीं की गई। सभी के सहयोग से कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। हंगामे की स्थिति देख प्राचार्य प्रो. एनएस बनकोटी ने हॉल की बालकनी में लगे छात्रसंघ के बैनर को हटाने को कहा। छात्रो ने इसे हटा लिया। थोड़ी देर में छात्रसंघ उपाध्यक्ष बालकनी में पोस्टर हटाने के लिए पहुंचे तो वहां पोस्टर हटा देख लौट गए। उसके बाद उन्होंने समर्थकों के साथ मैदान में लगे छात्रसंघ के पोस्टर फाड़ डाले। करीब 45 मिनट तक महाविद्यालय में हंगामा चलता रहा। मामला तूल पकड़ता देख पुलिस टीम सक्रिय हो गई। छात्रसंघ उपाध्यक्ष को खींचकर बाहर ले जाया गया और महाविद्यालय प्रशासन दोनों पक्षों को शांत करने की अपील करता रहा। बमुश्किल दोनों पक्षों को समझाकर मामले को शांत किया गया। उसके बाद शाम पांच बजे तक कार्यक्रम शांतिपूर्वक चलता रहा।



# भतरौंजखान के गांवों में तेंदुए का आतंक से लोग परेशान

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। प्रदेश में बाघ और तेंदुए के आतंक दिन पर दिन बढ़ता जा रहा है। आए दिन किसी ना किसी क्षेत्र से तेंदुए के आतंक और हमले की खबरे सामने आती रहती हैं। अब अल्मोड़ा जिले के भतरौंजखान के कई गावों में एक साथ तेदुएं के आतंक से लोग परेशान हैं।अल्मोड़ा जिले के भतरौंजखान में इन दिनों तेंदुए के आतंक के कारण लोगों में दहशत का माहौल है। भतरौंजखान ब्लॉक के छह से ज्यादा गांवों में बीते कई दिनों से तेंदुए का आतंक जारी है। दिनदहाड़े तेंदुआ आबादी वाले इलाकों में पहुंच रहा है।भतरौंजखान ब्लॉक के छह गांवों हऊली, चौनलिया, च्यूनी, नौघर, मोहनरी, अड़बौड़ा आदि गांवो में लगातार तेंदुए की सक्रियता बनी हुई है। लंबे समय से तेंदुआ इन गांवों में दिखाई दे रहा है। जिस से स्कूल आने-जाने वाले बच्चों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने लगातार तेंदुए की सक्रियता जानकारी वन विभाग को दी है। जिसके बाद वन विभाग का कहना है कि प्रभावित क्षेत्रों में टीम भेजी जा रही है। पहले तेंदुए की सक्रियता का पता लगाया जाएगा।

# एक्शन में आबकारी,भाग खड़े हुए कारोबारी

## बरखेड़ी व जगतपुर के जंगल में छापामार कार्यवाही से हड़कंप, 7000 लीटर लहन नष्ट 250 लीटर कच्ची शराब बरामद, चार लोगों के खिलाफ मुकदमा

काशीपुर(उद संवाददाता) आबकारी की टीम ने आईटीआई थाना क्षेत्र के ग्राम बरखेड़ी तथा जगतपुर के जंगल में अवैध कच्ची शराब के खिलाफ सघन अभियान चलाते हुए शराब की भट्ठियां ध्वस्त कर हजारों लीटर लहन नष्ट कर दिया। कार्यवाही के दौरान 250 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। आबकारी की इस कार्यवाही से शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया। वह मौके से भाग खड़े हुए। अवैध कच्ची शराब की गैरकानूनी तरीके से कसीदगी करने के मामले में आबकारी ने चार लोगों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत किया है। ज्ञातव्य है कि काशीपुर आईटीआई व कुंडा थाना क्षेत्र के जंगली इलाकों के अलावा ग्रामीण इलाकों में पिछले लंबे समय से अवैध कच्ची शराब की भट्ठियां बेखौफ धधक रही है। इसी को गंभीरता से लेते हुए आबकारी निरीक्षक अतिरिक्त प्रभार नितिन कुमार के नेतृत्व में आईटीआई थाना क्षेत्र के ग्राम बरखेड़ा में छापामार कार्यवाही की। इस कार्यवाही से शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया। वह मौके से भाग खड़े हुए। इस दौरान आबकारी की टीम ने लगभग 2000 लीटर लहन नष्ट करते हुए मौके से 100 लीटर अवैध कच्ची शराब वह शराब



बनाने के उपकरण जप्त किए। इसी तरह अपराहन बाद आप कारी की टीम ने जगतपुर के जंगल में अवैध कच्ची शराब के खिलाफ सघन अभियान चलाते हुए छापामार कार्यवाही कर लगभग 5000 लीटर लहन नष्ट करते हुए रबर की ट्यूब में 800 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद किया। मौके से शराब बनाने के उपकरण ड्रम पाइप पतीला आदि भी कब्जे में लिया गया। प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि अवैध कच्ची शराब की कसीदगी में लिप्त चार लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया है। कार्यवाही करने वाली आबकारी की टीम में उप आबकारी निरीक्षक आशीष सिद्दीकी, प्रभारी आबकारी खटीमा जगदीश कुमार, प्रभारी आबकारी जिला प्रवर्तन भुवन चौशानी, सिपाही कृष्णा आर्य, अंकित कुमार, विकास रावत व जोनी प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# अवैध शराब के कारोबार में लिप्त लोगों के हौसले बुलंद

## यूएस नगर में लाखों लीटर शराब बनाई व बेची जाती है, तस्करी के शराब की भी जमकर हो रही है खपत

काशीपुर(उद संवाददाता)। जिला आबकारी अधिकारी की सुस्त कार्यशैली के चलते अवैध शराब के कारोबार में लिप्त लोगों के हौसले बुलंद हैं। खटीमा किच्छा गदरपुर बाजपुर रुद्रपुर सितारगंज समेत जिले के तमाम शहरों में अवैध कच्ची शराब का गैरकानूनी कारोबार कुटीर उद्योग का रूप ले चुका है। जानकारों की मानें तो यूएस नगर जिले में प्रतिदिन लाखों लीटर अवैध कच्ची शराब बनाई व बेची जा रही है। इसी तरह तस्करी की अंग्रेजी शराब का भी कारोबार पर्दे के पीछे से खूब फल फूल रहा है। अवैध शराब के गैरकानूनी कारोबार से जहां एक ओर असमय लोगों की मौतें हो रही है वही अब तक हजारों परिवार भुखमरी के कगार पर पहुंच गए। जानकार बताते हैं कि अवैध कच्ची शराब व तस्करी की अंग्रेजी शराब के गैरकानूनी कारोबार पर अंकुश न लगने के कारण सरकार के राजस्व को प्रतिमाह अकेले उधम सिंह नगर से करोड़ों का नुकसान हो रहा है। नगर क्षेत्र में अवैध कच्ची शराब के पांच दर्जन से भी अधिक अड्डे आबाद है जहां पर कारोबारी खुलेआम कानून को ताक पर रखकर शराब बेचने का काम कर रहे हैं। अलग की समय-समय पर पुलिस ऐसे लोगों के खिलाफ कार्यवाही करती रहती है लेकिन इसके बावजूद हठधर्मिता की सभी हदें पार करते हुए कारोबारी अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे। कटोराताल पुलिस चौकी के ठीक बराबर एक दंपत्ति द्वारा अवैध कच्ची शराब की बिक्री किए जाने के अलावा टांडा उज्जैन में रेलवे क्रॉसिंग के पास दर्जनों ऐसे है जो कानून की धज्जियां उड़ाते हुए खुलेआम शराब की बिक्री में लिप्त है। इसी तरह अलीगंज रोड पर खड़कपुर देवीपुरा वैशाली कॉलोनी गड्ढा कॉलोनी तथा प्रतापपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के दर्जनों स्थानों पर अवैध कच्ची शराब के गैरकानूनी अड्डे आबाद है।

## देसी शराब की दुकान पर रात्रि 1:30 बजे तक सेवा उपलब्ध

काशीपुर। मुरादाबाद रोड पर जसपुर अड्डे के समीप देशी मदिरा की दुकान पर किसी भी समय शराब उपलब्ध है। सूत्रों का कहना है कि कैंटीन संचालक यहां सुबह सवेरे से रात्रि के 1:30 बजे तक पर्दे के पीछे से मनमाने रेट पर शराब बेचने का काम कर रहा है। बताते हैं कि यह गोरखधंधा यहां काफी समय से चल रहा है। यानी परोक्ष रूप में देसी मदिरा की दुकान का शटर डाउन होता है लेकिन पर्दे के पीछे से कैंटीन संचालक निर्धारित समय से पूर्व तथा समय के बाद शराब मनमाने रेट पर बेचने का काम कर रहा है। बहारहाल शराब के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने को लेकर उच्चाधिकारियों के तमाम दावे महज हवाई साबित हो रहे हैं। इस ओर सख्ती सेकार्यवाही करने की जरूरत है।

## प्रधानों ने दरोगा के खिलाफ विधायक को सौंपा ज्ञापन

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। थाने में तैनात दरोगा के खिलाफ ग्राम प्रधानों ने मोर्चा खोल दिया है। ग्राम प्रधानों ने क्षेत्रीय विधायक गोपाल सिंह राणा को ज्ञापन सौंपकर दरोगा के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। प्रधानों ने कस्बा इंचार्ज दरोगा के द्वारा ग्राम प्रधानों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए क्षेत्रीय विधायक गोपाल सिंह राणा को ज्ञापन



सौंपा। ज्ञापन में कहा कि क्षेत्र में स्मैक का कारोबार धड़ल्ले से हो रहा है। जिसकी शिकायत लेकर ग्राम प्रधान एवं जनप्रतिनिधि जाते हैं तो दरोगा अभद्र व्यवहार करता है। साथ ही गाली गलौज करता है। आरोप है कि नशे के कारोबारियों से दरोगा की सांठ गांठ है। जनप्रतिनिधियों ने दरोगा प्रति रोष व्यक्त करते हुए विधायक से कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के महामंत्री गुरनाम सिंह, ग्राम प्रधान सुखविंदर सिंह, कमलजीत कौर, गुरनाम सिंह, जागीर सिंह, सुंदर कौर, समर सिंह जसविंदर कौर, देवेंद्र सिंह सुरेंद्र सिंह, आदि मौजूद थे।

## चोरों ने दुकान से नगदी और सामान उड़ाया

नानकमत्ता (उद संवाददाता)। चोरों ने दुकान से नगदी और सामान चोरी कर लिया। सूचना पर पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार अनाज गल्ला मंडी वार्ड नंबर सात निवासी ओमप्रकाश की किराने की दुकान है। बीती रात्रि अज्ञात चोर सरिया सीधा करने वाले एंगल से शटर उठाकर दुकान के अंदर जा घुसे और गल्ले में रखी एक हजार रुपए की नकदी सहित सामान चुरा कर ले गए। अज्ञात चोरों ने दुकान के अंदर मोमबत्ती जलाई और कोल्ड ड्रिंक भी पी। सूचना पर पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली और चोरों के खिलाफ जांच शुरू कर दी है।



## कलश यात्र के साथ शुरू हुई शिव महापुराण कथा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। आदर्श कालोनी स्थित नीलकंठ मंदिर में कलश यात्रा के साथ विधि विधान से शिव महापुराण कथा का शुभारम्भ हुआ। कथा शुभारम्भ से पूर्व विभिन्न मार्गों पर भजन कीर्तन के साथ कलश यात्रा निकाली गयी। इस दौरान कलश यात्रा से वातावरण भक्तिमय हो गया। कलश यात्रा विभिन्न मार्गोंसे होते हुए पांच मंदिर पहुंची उसके पश्चात पुनः नीलकंठ मंदिर पहुंचकर सम्पन्न हुई। इसके पश्चात विधि विधान से शिव महापुराण कथा का शुभारम्भ हुआ। कथा वाचक पुष्पेन्द्र शास्त्री जी ने शिव महापुराण की महिमा सुनाई जिसे सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो गये। कथा 31 जुलाई तक रोजाना शाम 4 से 6 बजे तक चलेगी। कथा के शुभारम्भ अवसर पर मदन लाल खन्ना, मदन लाल डाबड़ा, प्रवेश बब्बर, सुरेश बब्बर, गौरव खुराना, विक्की गावड़ा, हरीश खुराना, प्रिंस गावा, अरूण मन चंदा, शनी मिश्रा, उर्वशी गावा, पारूल रहेजा, कमलेश खुराना, कविता रहेजा, कमलेश रहेजा, नीतू डाबड़ा,सपना मनचंदा, सोनिया कालड़ा, लता गुप्ता, मीनू गर्ग, मनीष अग्रवाल, राकेश बब्बर, पूजा, मधु बब्बर आदि लोग शामिल थे।



## प्रबंधन के विद्यार्थियों के लिए कार्यशाला आयोजित

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। सविष्कार उत्तरांचल द्वारा सोमवार को सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रूद्रपुर सभागार में प्रबंधन के विद्यार्थियों को एकदिवसीय औद्योगिक क्षेत्र भ्रमण व कार्यशाला का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम प्रबंधन के विद्यार्थियों को कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें मुख्य अतिथि एक्सीलेंट सर्विसेज के प्रबंधक हिमांशु शुक्ला अविराज डेवलपर के प्रबंधक अभिनव छाबड़ा, उत्तरांचल प्रदेश सविष्कार प्रमुख चंदन भट्ट, प्रदेश सहमंत्री रचित सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित किया ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हिमांशु शुक्ला ने औद्योगिक क्षेत्र की जानकारी विद्यार्थियों को दी और इस कार्यशाला से सीख लेकर नवाचार को बढ़ावा देने की अपील की।अभिनव छाबड़ा ने विद्यार्थियों को नवाचार के माध्यम से स्वावलंबी बनने हेतु प्रेरित किया वह अपने कार्य क्षेत्र की सफलता का वर्णन किया। प्रदेश संयोजक सविष्कार चंदन भट्ट ने सविष्कार के बारे में विद्यार्थियों को अवगत कराया एवं वर्तमान परिदृश्य में एई मशीन, रोबोटिक्स की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि लघु उद्योग, स्टार्टअप का एक अच्छा विकल्प है। उन्होंने कहा कि जिस क्षेत्र में आपकी रूचि हो और जिससे बाजार की रूचि हो ऐसे क्षेत्रों में काम करके नए स्टार्टअप की ओर हम जा सकते हैं। कार्यक्रम में एम एस एम ई के बारे में भी बताया गया । इस कार्यक्रम में सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्रबंधन के विद्यार्थियों ने सहभागिता की उसके बाद समस्त विद्यार्थियों को सविष्कार उत्तरांचल द्वारा जय हिंद ऑटोटेक प्राइवेट लिमिटेड पंतनगर में औद्योगिक भ्रमण कराया गया। जय हिंद के प्रबंधक तेजू बघेल द्वारा विद्यार्थियों को संस्थान का भ्रमण कराकर स्टार्टअप डेवलपमेंट के बारे में विस्तार से विद्यार्थियों को समझाया । और विद्यार्थियों को नए स्टार्टअप करने के लिए प्रोत्साहित किया । इस दौरान प्रदेश सह मंत्री रचित सिंह,नवीन पांडे, सौरव राठौर, राहुल गुप्ता, प्रकाश दास, शिवम यादव,अंकित गंगवार व अनेकों छात्र-छात्राएं इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे।



## पति समेत ससुरालियों पर दर्ज कराया केस

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। थाना ट्रांजिट कैंप ने महिला की तहरीर पर पति समेत अन्य ससुरालियों पर मारपीट करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर लिया। जगतपुरा, आवास विकास रूद्रपुर निवासी एक महिला ने पुलिस को तहरीर सौंपी। तहरीर में महिला ने बताया कि उसका पति आए दिन शराब पीकर घर में झगड़ा फसाद कर मारपीट करते हैं। 24 जुलाई की सुबह पति कोई नशीली कैपसूल खा रहे थे। विरोध किया तो मारपीट शुरू कर दी और घर से मायके चले जाने को कहा। बाद में उसे घर से जबरन निकालने लगे। बताया कि उसने पिता को फोन कर घटना से अवगत कराया। इस पर पिता, भाई, मां पति को समझाने आए। आरोप है कि पति भूपेन्द्र सिंह, जेठ सतेन्द्र सिंह, ससुर शेर सिंह, सास भजन कौर,चाचा चरंजीत चन्ना, भतीजा बन्टी, भतीजा विरेन्द सिंह विक्की, फौजा सिंह समेत 5-6 लोग ने मिलकर मायके वालों के साथ मारपीट की। ससुराल वालों पर दहेज का सामान में आग लगाने की धमकी दी। पुलिस ने महिला की तहरीर पर पति समेत अन्य ससुरालियों पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## आपदा पीड़ितों के लिए जुटाई जा रही राहत

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। पंजाब में आई बाढ़ से पीड़ितों को राहत पहुंचाने के लिए गुरूद्वारा श्री गुरू सिंह सभा गोल मार्केट ने हाथ बढ़ाये हैं। आपदा पीड़ितों की सहायतार्थ गुरूद्वारा की ओर से लगातार राहत सामग्री भेजी जा रही है। जिसमें संगत का भरपूर सहयोग मिल रहा है। जानकारी देते हुए समाजसेवी नरेश कुमार सेठ ने बताया कि गुरूद्वारा प्रबंधन द्वारा आपदा पीड़ितों की मदद के लिए किये जा रहे प्रयास सराहनीय हैं। उन्होंने शहर के समाजसेवियों ने गुरूद्वारा प्रबंधन कमेटी द्वारा आपदा पीड़ितों की मदद के लिए किये जा रहे प्रयासों में सहयोग का आहवान किया है।

# अजब गजब: सफल होने से पहले ही अभियान हो जाता है धड़ाम

## पॉलीथिन उन्मूलन, आवारा पशुओं की धरपकड़, अवैध अतिक्रमण, स्वच्छ भारत अभियान, डोर टू डोर कूड़ा, फागिंग एवं साफ सफाई की निकल चुकी है हवा, कमीशन खोरी के बीच फाइलों में बह रही है विकास की गंगा

-मनोज श्रीवास्तव-

काशीपुर। कुमाऊं का प्रवेश द्वार कहे जाने वाली पौराणिक शहर काशीपुर में निगम प्रशासन द्वारा चलाया गया कोई भी अभियान आज तक सफल नहीं हो सका अलबत्ता अभियान शुरू करने पर संबंधित अधिकारियों अथवा टीम की चांदी जरूर हो जाती है। हलिया अभियान की बात करें तो निगम की टीम ने पूरे जोर-शोर के साथ प्रतिबंधित पॉलिथीन के खिलाफ अभियान चलाया। यह अभियान दो कदम भी ना चल सका कि मुंह के बल धड़ाम हो गया। आलम यह है कि नगर निगम की नाक के नीचे भारी तादाद में प्रतिबंधित पॉलीथिन का खुलेआम कारोबारियों द्वारा प्रयोग किया जा रहा है। यानी कुल मिलाकर व्यापारियों के बीच अपनी हनक बनाने के लिए निगम के संबंधित अधिकारी कार्यवाही को लेकर लोगों के दिलों में डर पैदा करते हैं बस। इसके बाद अभियान भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ते हुए बंद हो जाता है। काशीपुर नगर क्षेत्र के अलावा सुदूर गांव अथवा साप्ताहिक हाट बाजारों में यदि सहज निगाह डाली जाए तो प्रतिबंधित पॉलिथीन की खपत जिस तरीके से हो रही है यह निगम के निगम के निकम्मेपन का खुला सबूत है। नई पुरानी सब्जी मंडी में नगर निगम के ठीक पीछे खुली दूध की डेरी ऊपर काउंटर पर रखकर प्रतिबंधित पॉलिथीन का नंगी आंख प्रयोग किया जा रहा है लेकिन निगम के अधिकारी इस और देखते तक नहीं। निगम के अधिकारियों की ऐसी कार्यशैली क्या भ्रष्टाचार में लिप्त होने का संकेत नहीं करती। इसी तरह पूर्व में चलाए स्वच्छ भारत अभियान की भी यहां पूरी तरह हवा निकल चुकी है। शहर के महत्वपूर्ण स्थानों पर यत्र तत्र पसरी गंदगी चौक नाले नालियों का सड़कों पर बहता मल मूत्र युक्त पानी यह बताने के लिए पर्याप्त है कि जनता की अपेक्षाओं पर जनप्रतिनिधि बिल्कुल भी खरा नहीं उतर सके। अब तो नगर निगम की कचरे वाली गाड़ियां भी मनमाने ढंग से डोर टू डोर सेवा दे रही है। यानी कचरे वाली गाड़ी में तुम कचरा डालो जी जैसे गाने के बोल मात्र सुनने के लिए रह गए धरातल पर व्यवस्था बदहाल है। ऐसे ही आवारा पशुओं को पकड़ने का अभियान जमाने की बात हो चुकी है। डेंगू मलेरिया मच्छरों के बढ़ते प्रकोप को लेकर समय-समय पर की जाने वाली फागिंग एवं जन जागरूकता अभियान की उदासीनता के कारण शहर की सूरत बद से बदहाल हो चुकी है। ऐसे ही अवैध अतिक्रमण हटाने को लेकर निगम प्रशासन मूकदर्शक बना है। शहर में आलम यह है कि बाजपुर रोड रामनगर रोड व मुरादाबाद रोड पर राष्ट्रीय राजमार्ग जहां एक और पूरी तरह पार्किंग में तब्दील हो चुके हैं वही मुख्य बाजार एवं एमपी चौक के आसपास भी बेतरतीब ढंग से पसरा अवैध अतिक्रमण यह बताने के लिए काफी है कि निगम के अधिकारियों की उन पर कृपा बनी है। समाज की एक बौद्धिक तबके का मानना है कि यदि अवैध अतिक्रमण को सख्ती से खत्म कर दिया जाए तो शहर की सूरत बदली ही नहीं नजर आएगी वरन यातायात व्यवस्था भी हद तक पटरी पर लौटेगी और लोगों को जाम के झाम से जूझना नहीं पड़ेगा।





### काशीपुर में विकास कार्य सिर्फ फाइलों तक सीमित

काशीपुर। नगर क्षेत्र में आम जनता के बीच इस बात को लेकर दबी जबान चर्चा पुरजोर है कि जनता की गाढ़ी कमाई का पैसा राजस्थान में लगाया जा रहा है। विकास कार्य फाइलों तक सीमित है। निकाय चुनाव के बिगुल बजने के बाद झूठे वादों एवं दावों की एक बार फिर से प्रैक्टिस शुरू कर दी गई है। जनता जनार्दन को लच्छेदार बातों में उलझा कर अपनी ओर आकर्षित करते हुए वोट हासिल करने के लिए साम दाम दंड भेद सभी हथकंडे अपनाने शुरू कर दिए गए हैं।

# मोबाईल छीनकर फरार स्नेचर को किया गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बीते दिनों मंगल पड़ाव क्षेत्र से एक महिला का मोबाइल छीन कर फरार हुए स्नेचर को पुलिस ने मोबाइल सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार श्रीमती ममता पत्नी लालता प्रसाद निवासी विष्णुपुरी गली नंबर 10 द्वारा रपट दर्ज कराई गई कि वह मंगलपड़ाव बाजार क्षेत्र में किसी काम से गई हुई थी। घर वापसी के दौरान एक अज्ञात व्यक्ति उसके हाथ से उसका एंड्राइड फोन छीनकर फरार हो गया। अभियोग की विवेचना कर रही महिला उपनिरीक्षक कुमकुम धानिक द्वारा घटना से संबंधित विभिन्न सीसीटीवी कैमरो का अवलोकन किया गया तथा उपरोक्त मोबाइल लूट की घटना में शामिल अभियुक्त भगवान राम पुत्र गिरधारी दास निवासी पुरेवा, जहानाबाद पीलीभीत उत्तर प्रदेश को लूटे गए मोबाइल के साथ गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि भगवान राम का आपराधिक इतिहास ज्ञात करने पर पता चला कि वह इनामी अपराधी है जो इससे पूर्व भी कई घटनाएं कर चुका है तथा उसके विरुद्ध कई अन्य अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में महिला उप निरीक्षक कुमकुम धानिक, कानि. अरुण राणा व सन्तोष बिष्ट शामिल थे।



KOTIA ENTERPRISES
शुद्ध तेल खाओ, जीवन लम्बा बनाओ!
वीर कच्ची घानी
शुद्धता में सर्वोत्तम
100% Pure
होम डिलीवरी उपलब्ध
Ward No.16 Kichha Road, Bagwara Rudrapur (U.S.Nagar)
Veer Singh Virk
Managing Director
Mob.+919837146811,7500035083
Email:veersingh.bagwara@gmail.com
खल सरसों (लाही) गेहूं (कनक)/धान/मटर/सोयाबीन, उच्च मूल्य पर खरीदने बेचने के लिए संपर्क करें

गुरू मां
GURU MAA ENTERPRISES



AC चाहिए?
आधार लाये, उधार ले जायें...
0% BAJAJ FINSERV
UP TO 50% OFF
सबसे ज्यादा कैशबैक
0% ब्याज मुक्त फाइनेंस
खरीदारी के दिन डिलीवरी
Guru Maa Enterprises
हल्द्वानी
तिकोनिया मो- 9837077682
चर्च कम्पाउंड मो- 9690256666
पिली कोठी मो- 9997207007
रुद्रपुर
काशीपुर बाईपास रोड
मो- 9927882338, 9568869000
काशीपुर
चीमा चौराहा मो-7455045084
रामनगर रोड मो-9917161111
गदरपुर
गुरुनानक इंटरप्राईजेज
पंजाबी कालोनी गली मो-9927850999

# जन संवाद कार्यक्रम में बेहड़ ने सुनी समस्याएं

किच्छा(उद संवाददाता)। जनसंवाद कार्यक्रम के तहत पूर्व स्वास्थ्य मंत्री ओर वर्तमान विधायक तिलक राज बेहड़ के आवास विकास स्थित कार्यालय पर तमाम क्षेत्रवासियों ने अपनी समस्याएं रखी। जिस पर विधायक बेहड़ ने उनकी समस्याओं का संज्ञान लेते हुए उसके निदान के आदेश पारित किए। इस दौरान क्षेत्रवासियों ने राशन कार्ड, पेंशन, बिजली के बिल, पानी , स्वास्थ्य , शिक्षा तथा आधार कार्ड सम्बन्धी तमाम समस्याएं उनके सामने रखी। बेहड ने अपने कार्यालय में सभी फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। इस दौरान लीलावती पत्नी स्व मुन्ना निवासी गंगापुर लोहारी ने आर्थिक मदद हेतु ,वार्ड न०-19 सिरोलिकला के निवासी मंजूर, हीरालाल ,इश्शाक ,वालिस, नसीम ने पीने के पानी की समस्या से अवगत कराया जिसपर विधायक बेहड़ ने अधिशासी अभियंता जल संस्थान को इस समस्या के निदान हेतु सार्वजानिक टंकी लगाये जाने हेतु निर्देशित किया। सिरोली निवासी इकरार अहमद ने पुत्रियों के एडमिशन कार्य जाने की तथा वार्ड न०-06 के निवासीयों ने विधुत पोल लगाये जाने की मांग की,वार्ड न०-10 बलवंत कालोनी के अशा बजाज ,सुरेश चन्द्र सक्सेना ,सोमनाथ शर्मा ,संदीप चुग ,जसवीर कौर ,सुनीता रानी , रोहित कुमार ने बलवंत कालोनी में 300 मीटर सड़क का निर्माण,किशनपुर निवासी क्रिशन पल गंगवार,नवीन कुमार मंदीप ,संजीव आदि ने 100 मीटर सड़क का निर्माण कराये जाने तथा खुरपिया भूडा के निवासीयों ने भूस्वामित्व दिआने की मांग विधायक बेहड़ के समक्ष रखी। कुछ समस्याओ का विधायक द्वारा मौके पर ही निस्तारण किया गया व अन्य को आश्वस्त किया कि बाकी सम्बन्धित समस्याओं को अधिकारियों को भेजा जायेगा और इनका हर हाल में निस्तारण किये जाने का प्रयास किया जायेगा।



# किसान कांग्रेस के देव सिंह बने ब्लाक अध्यक्ष

गदरपुर(उद संवाददाता)। किसान कांग्रेस कमेटी की ब्लॉक, जिला व प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए नियुक्ति पत्र सौंपे गए। सोमवार को कंबोज धर्मशाला में किसान कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष हरेंद्र सिंह लाडी की मौजूदगी में कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। जिला अध्यक्ष नवदीप कंग ने किसान कांग्रेस कमेटी के ब्लॉक अध्यक्ष पद पर देव सिंह एवं गदरपुर विधानसभा अध्यक्ष पद पर जगदीप सिंह के नाम की घोषणा की। जबकि हरेंद्र सिंह लाडी ने कुमाऊं मंडल अध्यक्ष पद पर गुरबाज सिंह विर्क, कुमाऊं संगठन सचिव पद पर टेकचंद कंबोज, वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर त्रिनाथ विश्वास एवं प्रदेश महामंत्री पद पर विजय भुड्डी के नाम की घोषणा के उपरांत नियुक्ति पत्र सौंपे। हरेंद्र सिंह लाडी ने कहा प्रदेश और केंद्र की भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों से जनता, युवा, किसान और व्यापारी बुरी तरह परेशान है। प्रदेश में अपराध भ्रष्टाचार और बेरोजगारी चरम सीमा पर पहुंच चुकी है। किसान कांग्रेस उत्तराखंड प्रदेश में पुनः अपनी मजबूत पकड़ कायम करेगी। उन्होंने कहा आगामी लोकसभा चुनाव में संगठन की रीति और नीतियों पर चलकर सभी सीटों पर अपने प्रत्याशियों को भारी बहुमत से विजय बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। संचालन मन्नू चौधरी ने किया। इस दौरान चंदन सिंह नयाल, श्याम सिंह देउपा, कुंवर सिंह, टीकम खेड़ा, बलबीर सिंह थिंड, शोबी सिंह, प्रेम सिंह, गुरदीप सिंह आदि मौजूद थे।



श्री बांके बिहारी की कृपा से

**श्री ब्रज चौरासी कोस परिक्रमा एवं श्री खाटू श्याम यात्रा**

दिनांक-30 जुलाई से 10 अगस्त 2023 तक

● AC वाल्वो बस ● विभिन्न मन्दिरो के दर्शन
● भोजन की सुविधा ● ठहरने की उचित व्यवस्था

प्रति व्यक्ति किराया मात्र 15,000/- रूपये

यात्रा के लिये श्री मन्दिर मनकामेश्वर मन्दिर, श्याम टाकीज रोड,रूद्रपुर से 30 जुलाई को वाल्वो एसी बस जा रही है। इस परिक्रमा यात्रा में जो भी श्रद्धालु जाने का इच्छुक हो, वह निम्न मोबाईल नम्बर पर सम्पर्क कर अपनी सीट सुरक्षित करा सकता है।

सम्पर्क करे-7248133444,8476003072

# मिग फार्मा कंपनी के खिलाफ किया धरना प्रदर्शन

किच्छा(उद संवाददाता)। लालपुर स्थित मिग फार्मा कंपनी की महिला कर्मचारियों को कंपनी से निकाले जाने के खिलाफ पूर्व दर्जा राज्य मंत्री हरीश पनेरू एवं ब्लाक अध्यक्ष गुड्डू तिवारी के नेतृत्व में तमाम महिलाओं ने कंपनी के गेट के बाहर धरना दिया गया। हरीश पनेरू ने कहा कि लगभग 10-12वर्षों के सेवा लेने के बाद कंपनी में कार्यरत महिलाओं को नौकरी से निकाल देना श्रम कानून का खुला उल्लंघन है। उन्होंने कंपनी प्रबंधन पर भी आरोप लगाते हुए कहा कि कम्पनी प्रबंधन कर्मचारियों एवं मजदूरों से मनमर्जी का कार्य लेना चाहता है और जो कोई भी उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठाता है तो प्रबंधन तंत्र आरोप लगा कर महिला कर्मचारियों को बल पूर्वक बाहर निकाल देता है। जो कि निंदनीय है।उन्होंने कम्पनी प्रबंधन को अल्टीमेटम देते हुए कहा कि अगर शीघ्र निकाली गई महिला कर्मचारीयों को वापस काम पर नहीं लिया गया तो कम्पनी के गेट पर अनिश्चित कालीन धरना दिया जायेगा। तमाम महिलाओं ने भी कहा कि लंबे समय से ईमानदारी ,मेहनत,कंपनी सेवा देने का खमियाजा उन्हें नौकरी से हाथ धोकर मिल रहा है। इस अवसर पर मुख्य रूप से गुरदास कालड़ा, चन्दन पांडेय,अजीत आदि शामिल थे।



# असहाय व्यक्तियों का न हो उत्पीड़न:डीएम

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। कमजोर एवं निःसहाय व्यक्तियों को प्रोटैक्ट करना सुनिश्चित करें ताकि कोई भी दबंग व्यक्ति उनका हक न मार सके। यह बात जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान जिला कार्यालय सभागार में कही। जिलाधिकारी ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कमजोर व्यक्तियों के हक विशेषकर भूमि को कोई भी दबंग व्यक्ति न कब्जा सके। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि दबंग व्यक्तियों के खिलाफ नियमानुसार सख्ती से कार्यवाही की जाये। जिलाधिकारी ने अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से करते रहने के निर्देश राजस्व विभाग के अधिकारियों को दिये। उन्होंने राजस्व वादो की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि पुराने वादो को नियमित रूप से सुना जाये और वादो का तेजी से व गुणवत्तायुक्त निस्तारण किया जाये। उन्होंने सीलिंग भूमि से सम्बन्धित विभिन्न न्यायालयों में विचाराधीन प्रकरणों में प्रभावी पैरवी करने के निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक तारीख पर हो चुकी कार्यवाही की जानकारी सम्बन्धितों को जरूर हो। उन्होंने भूमि से सम्बन्धित प्रकरणों को समय से निस्तारित करने के निर्देश देते हुए कहा कि शिकायत मिलने पर सम्बन्धित के खिलाफ सख्ती से कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। डीएम ने सभी उप जिलाधिकारियों को अपने-अपने अधीनस्थ कार्यालयों का निरीक्षण करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने भू-राजस्व समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि भू-राजस्व में वृद्धि हो और भूमि खरीद-फरोख्त में किसी भी दशा में सरकार को राजस्व की हानि न हो। उन्होंने बड़ी आरसी का मिलान करने, आगामी बैठक में प्रत्येक तहसील के 10 बड़े बकायेदारों की सूचि सम्पूर्ण विवरण सहित प्रस्तुत करने के भी निर्देश उप जिलाधिकारियों को दिये। उन्होंने जनपद में तालाबों की वर्तमान स्थिति यथा- रकबा, नजरिया नक्शा, काबिज लोगों की संख्या, जारी नोटिस, खाली किये गये व्यक्तियों की संख्या आदि की अपडेट लिस्ट तैयार रखने के निर्देश भी दिये। जिलाधिकारी ने आपदा मद से सम्बन्धित विभागों को तत्काल धनराशि जारी करने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। जिलाधिकारी ने सीएम हैल्पलाइन पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का समय से निस्तारण करने के भी निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिये। बैठक में आईएएस ट्रेनी अनामिका, उप जिलाधिकारी, मनीष बिष्ट, अभय प्रताप सिंह, तुषार सैनी, रविन्द्र बिष्ट, सीमा विश्वकर्मा, कौस्तुभ मिश्रा, पूनम पन्त, तहसीलदार यूसुफ अली, नीतू डागर, शुभांगिनी, जगमोहन त्रिपाठी, जिला आपदा प्रबन्धन अधिकारी उमा शंकर नेगी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।




# कैबिनेट मंत्री ने बस हादसे के घायलों का जाना हाल

काशीपुर(उद संवाददाता)। प्रदेश की कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या काशीपुर स्थित आयुष्मान हॉस्पिटल पहुंची जहां उन्होंने विगत दिनों बस हादसे में घायल हुए श्रमिकों का हालचाल जाना।इस दौरान मंत्री रेखा आर्या ने डॉक्टरों से वार्ता कर घायलों को समुचित इलाज उपलब्ध कराने के निर्देश देने के साथ ही किसी भी प्रकार की लापरवाही ना बरतने की बात कही।डॉक्टरों द्वारा कैबिनेट मंत्री को अवगत कराया गया कि सही देशभाल व इलाज किया जा रहा।14 घायलों में से 3 को डिस्चार्ज कर दिया गया है जबकि 11 अभी भी भर्ती हैं। वहीं मंत्री रेखा आर्या ने ईश्वर से दिवंगत आत्माओं को अपने श्री चरणों में स्थान देने और सभी घायलों को जल्द स्वस्थ्य करने की कामना की। बता दे बीते दिनों काशीपुर में रामनगर रोड स्थित एसपीएनजी फैक्ट्री के श्रमिकों को रामनगर से एक निजी बस बस संख्या यूके 04 पी ए -0137 लेकर आ रही थी,जैसे ही बस रामनगर रोड स्थित ग्राम धनोरी के पास पहुंची तो अनियंत्रित होकर पलट गई जिसमे श्रमिक घायल हो गए थे।



# कांग्रेस ओबीसी विभाग के नंद किशोर बने महानगर अध्यक्ष

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। कांग्रेस जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा एवं महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा की संस्तुति के बाद कांग्रेस नंद किशोर गंगवार को ओबीसी विभाग का महानगर अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। गंगवार को नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य एवं नैनीताल के पूर्व विधायक संजीव आर्य ने एक कार्यक्रम में मनोनयन पत्र सौंपा। इस दौरान कांग्रेसियों ने नंदकिशोर गंगवार का फूल मालाओं से स्वागत करते हुए बधाई दी। इस दौरान यशपाल आर्य ने कहा कि नंद किशोर गंगवार कर्मठ और जुझारू कार्यकर्ता हैं और लम्बे समय से पार्टी के लिए समर्पित रहे हैं। उन्होंने ओबीसी मोर्चा का महानगर अध्यक्ष बनाये जाने से महानगर में पार्टी को मजबूती मिलेगी और आगामी निकाय चुनाव में भी पार्टी को इसका लाभ मिलेगा। श्री आर्य ने कार्यकर्ताओं से आगामी निकाय एवं लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटने का भी आहवान किया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता आपसी मतभेद भुलाकर पार्टी की रीति नीतियों को जन जन तक पहुंचाने में जुट जायें। आने वाला समय कांग्रेस का है। उन्होंने कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार से जनता का मोह भंग हो चुका है। इस अवसर पर किसान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष हरेन्द्र सिंह लाडी, जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा, महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा, पार्षद मोहन खेड़ा, ओमप्रकाश गंगवार, कुवंर पाल कोली, जमील अहमद, बाबू विश्वकर्मा, सतीश कुमार, सुनील आर्य,परवेज कुरैशी, पप्पू कोली, उमा सरकार, अर्जुन विश्वास आदि समेत तमाम लोग मौजूद थे।



# दुर्गा मंदिर में महिलाओं को बांटे तुलसी के पौधे

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। गांधी कॉलोनी स्थित श्री दुर्गा मंदिर में उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष और घर-घर तुलसी अभियान की संयोजिका श्रीमती मीना शर्मा ने उपस्थित सैकड़ों महिलाओं को तुलसी के पौधे वितरित किए। इससे पूर्व सावन के तीसरे सोमवार को सायं गांधी कॉलोनी स्थित श्री दुर्गा मंदिर में महिलाओं द्वारा आयोजित विशेष धार्मिक कार्यक्रम में पहुंची श्रीमती मीना शर्मा और कांग्रेस नेता अनिल शर्मा ने मंदिर में पूजा अर्चना की, और संकीर्तन में प्रतिभाग किया। इस दौरान श्रीमती शर्मा और कांग्रेस नेता अनिल शर्मा ने मंदिर में तुलसी का पौधा रोपने के पश्चात उपस्थित सैकड़ों महिलाओं को तुलसी का पवित्र पौधा प्रदान किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में श्रीमती शर्मा ने कहा कि वह पिछले कई वर्षों से सावन माह में 'घर-घर तुलसी अभियान' चलाकर 5000 तुलसी के पौधों का वितरण करती है। इस वर्ष भी उन्होंने यह अभियान प्रारंभ किया हुआ है, जिसके तहत वह शहर में विभिन्न कॉलोनियों में स्थापित मंदिरों में पहुंचकर तुलसी के पौधे वितरित करने का कार्यक्रम चला रही है स यहां महिलाओं ने श्रीमती शर्मा का पीत वस्त्र डालकर स्वागत किया। इस अवसर पर कविता वर्मा, रानी वर्मा, अर्चना वर्मा, नीलम यादव, ममता, सरोज, क्रांति, विमला, किरण, मुन्नी, प्रियंका, संतोष, शोभा, शशि बाला, आरती, गंगा, मीना, दुर्गेश, नंदिनी सहित बड़ी संख्या में अन्य महिलाएं उपस्थित थी।



# उत्तरांचल दर्पण
## सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## चीतों की मौत

सरकार ने बाघों की तरह चीतों के संरक्षण के लिए भी कदम उठाने की बात की है।पिछले दिनों कूनो राष्ट्रीय उद्यान में जब लगातार कई चीतों की मौत की खबर आई, तो स्वाभाविक ही पर्यावरणविदों और वन्यजीव संरक्षण से जुड़े लोगों के लिए यह चिंता का विषय बन गया। एक आशंका यह जताई गई कि उन्हें जो रेडियो कालर लगाया गया है, उसकी वजह से उनके भीतर संक्रमण हुआ और यह उनकी मौत का कारण बना। कुछ विशेषज्ञों के मुताबिक, रेडियो कालर के डिजाइन की वजह से चीतों को घाव हो गया हो सकता है, जिसे समय रहते ठीक नहीं किया जा सका।कई बार संक्रमण के जटिल स्थिति में पहुंच जाने के बाद उसे संभालना मुश्किल हो जाता है। हालांकि अभी यह अध्ययन का विषय है कि संक्रमण का मुख्य कारण रेडियो कालर ही है, फिर भी इससे जुड़ी आशंकाओं की वजह से छह चीतों में से रेडियो कालर को स्वास्थ्य परीक्षण के मकसद से फिलहाल निकाल दिया गया है।लेकिन पर्यावरण मंत्रालय ने चीतों की मौत में इसे एक वजह बताने को अवैज्ञानिक भी बताया है। गौरतलब है कि आमतौर पर वन्यजीवों पर नजर रखने के लिए उन्हें रेडियो कालर लगाए जाते हैं। कई बार या तो पशु का शरीर किसी बाहरी यंत्र के साथ संतुलन नहीं बिठा पाता या फिर उसकी बनावट के चलते कटने से घाव बन जाता है। ऐसी स्थिति में अगर समय पर उसे इलाज नहीं मिल पाता तो उसका जीवन संकट में पड़ सकता है।कई वन्यजीवों के शरीर की बनावट बेहद संवेदनशील होती है और आबोहवा बदलने का उस पर असर पड़ सकता है। किसी पशु पर नजर रखने के लिए कोई यंत्र उसके शरीर की संरचना के अनुकूल या प्रतिकूल भी साबित हो सकता है। दरअसल, सुचिंतित तरीके से किसी यंत्र को ऐसे प्रयोग से पहले परीक्षणों के कई स्तर से गुजारा जाता है, ताकि वह किसी वन्यजीव के लिए नुकसानदेह साबित न हो। लेकिन यह कहना कई बार मुश्किल हो जाता है कि इस तरह के यंत्र किस पशु के लिए कितना अनुकूल साबित होंगे। ऐसे मामले भी अक्सर सामने आते रहे हैं जिनमें चीता या बाघ जैसे संरक्षित पशु प्राकृतिक कारणों की वजह से भी बीमार हो जाते हैं और समय पर इलाज न मिल पाने की वजह से उनकी मौत हो जाती है। कूनो राष्ट्रीय उद्यान में लाए गए चीते निश्चित रूप से देश में पारिस्थितिकी संतुलन की दिशा में एक ठोस पहल है, लेकिन इसके साथ-साथ चीतों के संरक्षण के लिए भी जरूरी इंतजाम करना सरकार का दायित्व होना चाहिए।प्रकृति की अपनी गति होती है और समय-समय पर भिन्न कारणों से होने वाले उतार-चढ़ावों का असर सभी जीवों पर पड़ता रहा है। खासतौर पर वन्यजीवों के मामले में कई बार स्थितियां ज्यादा संवेदनशील होती हैं। कुछ पशु-पक्षी अनुकूल पर्यावरण में ही सुरक्षित रहते हैं। दक्षिण अफ्रीका और नामीबिया से लाए गए बीस चीतों में कुछ के लिए शायद यहां के वातावरण से तालमेल बिठा पाना मुश्किल रहा और इसीलिए उनके जीवन और स्वास्थ्य के सामने कई तरह की जटिलताएं खड़ी हो रही हैं। हालांकि सरकार और संबंधित महकमे इसके कारणों की खोज और उन्हें बचाने के लिए जरूरी उपाय करने में लगे हैं , लेकिन देखते-देखते बीस में से आठ चीतों की मौत के बाद यह सवाल खड़ा हुआ है कि आखिर ऐसा क्यों हो रहा है। सरकार ने बाघों की तरह चीतों के संरक्षण के लिए भी चीता परियोजना का समर्थन करने के लिए कई कदम उठाने की बात की है, जिसमें बचाव, पुनर्वास, क्षमता निर्माण आदि की सुविधा के साथ चीता अनुसंधान केंद्र की स्थापना भी शामिल है। मगर यह देखने की बात होगी कि आने वाले वक्त में ऐसी कवायदों से जमीनी स्तर पर कैसे नतीजे सामने आते हैं।

# पात्रों को पहुंचायें योजनाओं का लाभ: डा.पुरूषोत्तम

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। सचिव उत्तराखंड शासन डॉ बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने विकास भवन सभागार में भारत सरकार के विभिन्न फ्लैगशिप कार्यक्रम, जिला योजना राज्य सेक्टर बह्य सहायतित योजनाएं तथा केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा सभी विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर की गई। इस दौरान उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की महत्वाकांक्षा है कि 2025 तक उत्तराखंड राज्य को देश के श्रेष्ठ राज्यों में शामिल करना है उन्होंने कहा कि इसी अवधारणा के अनुरूप सभी अधिकारी योजनाओं का लाभ आम जनमानस को दिलाना सुनिश्चित करें उन्होंने आजीविका से संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभिन्न विभागों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए जिले में अधिक से अधिक आजीविका वर्धक कार्य किए जाएं। इसके लिए उन्होंने उद्यान विभाग, कृषि विभागसहकारिता, पर्यटन समेत अन्य विभागीय अधिकारियों को कहा कि आजीविका को बढ़ाने की जनपद में अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि अधिकारी व्यक्तिगत प्रयास करें तथा विभिन्न विभागों के साथ समन्वय करते हुए लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य करें। इसके लिए उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी अपना अपना वार्षिक प्लान तैयार करें तथा लक्ष्य निर्धारित कर उस दिशा में कार्य करना सुनिश्चित करें। इस दौरान उन्होंने जल जीवन मिशन,



अमृत सरोवर, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम, पीएम पोषण योजना, सर्व शिक्षा अभियान पीएमजीएसवाई, पीएम आवास योजना राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन आयुष्मान भारत योजना,मातृ वंदन योजना,राष्ट्रीय बागवानी अभियान, पीएम फसल बीमा योजनामृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना जैसी विभिन्न योजनाओं की प्रगति तथा जनपद में योजना की स्थिति जैसे अनेक मुद्दों को लेकर समीक्षा की। उन्होंने जिलाधिकारी को निर्देश दिए कि अधिकारियों से विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समय समय पर रिपोर्ट प्राप्त की जाए।जल जीवन मिशन की समीक्षा के दौरान सचिव उत्तराखंड शासन ने कहा कि मार्च 2024 तक जल जीवन मिशन के सभी कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें। इसके लिए उन्होंने कहा कि कार्यों में बाधा बन रहे ऐसे प्रकरण जो शासन स्तर के हैं, उन्हें शासन स्तर पर अवगत कराया जाए। अमृत सरोवर योजना की समीक्षा के दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि जो अमृत सरोवर बनकर तैयार हो गए हैं, उनमें मत्स्य पालन की गतिविधियों को बढ़ाया जाए। उन्होंने सहायक निदेशक मत्स्य विभाग को निर्देशित किया कि एसएचजी तथा अन्य समूहों को अमृत सरोवर में मत्स्यपालन तथा उसके रखरखाव के लिए प्रित्साहित किया जाए। उन्होंने सभी योजनाओं की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति को बढ़ाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस दौरान जिलाधिकारी विनीत तोमर, परियोजना निदेशक पुष्पेंद्र सिंह, डीडीओ एसके पंत, उपजिलाधिकारी गोपाल सिंह चौहान समेत अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# हादसे के दो मामलों में चालक नामजद

काशीपुर(उद संवाददाता)। दुर्घटना के दो अलग-अलग मामलों में पुलिस ने तहरीर के आधार पर कार चालक को नामजद करते हुए एक अन्य मामले में अज्ञात बस चालक के खिलाफ अभियोग पंजीकृत किया है। पहली घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर ग्राम धनोरी निवासी प्रदीप सिंह पुत्र अवतार सिंह ने बताया कि बीते 14 जुलाई को जब उसका भाई हरजीत सिंह पत्नी निवेदिता के साथ आवश्यक कार्य बस कहीं जा रहा था इसी दौरान रामनगर रोड पर वेन्यू कार संख्या यूके 18 एन/4296 के चालक प्रतापपुर निवासी लखवीर पुत्र बलदेव में तेजी व लापरवाही से टक्कर मारकर दंपति को गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। इस हादसे में शिकायतकर्ता की भाई के कूल्हे व टांग में फ्रैक्चर हो गया तथा उसकी पत्नी निवेदिता के बाएं घुटने में गंभीर चोट आई। इसी तरह बीते दिनों धनोरी पुलिया के समीप अनियंत्रित बस पलटने के कारण हुई एक मौत के मामले में पुलिस ने अज्ञात बस चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस को तहरीर देकर वार्ड नंबर 3 सैनिक कॉलोनी चांदपुर निवासी शंकर पुत्र सुकई ने बताया कि बीते 22 जुलाई की सुबह लगभग 6:45 बजे श्रमिकों को लेकर शिवांगी फैक्ट्री जा रही अनियंत्रित बस संख्या यूके 04 पीए/0137 रामनगर रोड पर धनोरी के समीप अनियंत्रित होकर पलट गई। इस घटना में गंभीर चोट लगने के कारण उसके पुत्र की मृत्यु हो गई। पुलिस ने एक्सीडेंट के दोनों ही मामलों में तहरीर के आधार पर कार चालक को नामजद करते हुए आरोपी अज्ञात बस चालक के खिलाफ अभियोग दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# लंपी बीमारी से दो मवेशी मरे

गरमपानी। बेतालघाट ब्लॉक के बादरकोट तथा तल्लाकोट गांव में संक्रामक लंपी बीमारी ने एक बार फिर पांव पसार लिया है। दो पशुपालको के गोवंशीय पशु दम भी तोड़ चुके हैं जबकि करीब बीस से ज्यादा पशुपालको के पशु बीमार है। ग्राम प्रधान पूजा पिनारी ने पशुओं को उपचार उपलब्ध कराए जाने की पुरजोर मांग उठाई है। पशु चिकित्साधिकारी डा.नेहा चौधरी के अनुसार गांव में शिविर लगाकर पशुओं की स्वास्थ्य जांच की जाएगी।लंबे समय तक शांत रहने के बाद अब लंपी बीमारी ने एक बार फिर पांव पसार लिए हैं। बेतालघाट ब्लॉक के बादरकोट व तल्लाकोट गांव में लगभग बीस से ज्यादा पशुपालकों के पशु बीमार हैं। पशुपालकों के अनुसार मवेशियों ने खाना छोड़ दिया है पेट फूलने लगा है तथा पूरे शरीर में दाने भी उभर आए हैं।बीमारी की चपेट में आने से तल्लाकोट गांव के पशुपालक विक्रम सिंह तथा बादरकोट गांव के चंदन सिंह के मवेशी दम भी तोड़ चुके हैं। पशुओं के बीमार होने से पशुपालक भी चिंतित हैं। पूर्व में मवेशियों को टीकाकरण कराए जाने के बावजूद पशुओं के लंपी बिमारी की चपेट में आने से पशुपालक हैरत में हैं। ग्राम प्रधान ने मामले की सूचना पशुपालन विभाग को दे मवेशियों के उपचार की मांग उठाई है। पशु चिकित्साधिकारी डा. नेहा चौधरी के अनुसार, जल्द तल्लाकोट व बादरकोट गांव में शिविर लगाकर पशुओं को उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। पशु चिकित्साधिकारी ने पशुपालकों से विशेष अहतियात बरतने का भी आह्वान किया है।

# बस्तियों में विद्युत कनेक्शन नहीं मिलने पर सौंपा ज्ञापन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विभिन्न बस्तियों में विद्युत कनेक्शन नहीं मिलने और नजूल नीति के तहत फ्रीहोल्ड की प्रक्रिया शुरू नहीं होने के विरोध में भाईचारा एकता मंच ने आज कलेक्ट्रेट में सांकेतिक प्रदर्शन करते हुए जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि रुद्रपुर शहर की 80प्रतिशत पूर्व से ही विद्युत कनेक्शन, हाउस टैक्स आदि की व्यवस्था है।ट्रांजिट कैंप की लगभग 50,000 से अधिक की आबादी भी बंगाली समाज द्वारा दी गई दानपात्र की भूमि पर बसी है। लंबे समय से शहर में मालिकाना हक की मांग उठती रही है। पूर्व में दो बार नजूल नीति बनी भी परंतु मालिकाना हक नहीं मिल



आबादी नजूल व दान पात्र एवं सीलिंग की जमीन पर बसी है जिसमें प्रीत विहार की 2017 से पूर्व की आबादी को विद्युत कनेक्शन हाउस टैक्स आदि की व्यवस्था थी ।वही रम्पुरा, भूत बंगला, खेड़ा आदि नजूल भूमि पर बसे लोगों को सका।अब सरकार द्वारा पुन: नजूल नीति बहाल कर दी गई है ।परंतु जिला प्रशासन व नगर निगम के कर्मचारियों की शिथिलता के कारण लोगों का कार्य अटका हुआ है ।वही विगत 6 माह पूर्व विद्युत विभाग द्वारा प्रीत विहार की बस्ती में विद्युत कनेक्शन बंद कर दिए तथा विगत 1 जुलाई से शहर की अन्य नजूल बस्तियों, ट्रांजिट कैंप की बस्तियों में भी विद्युत कनेक्शन बंद कर दिए। इसके साथ-साथ विद्युत कनेक्शन का ट्रांसफर भी बंद कर दिया गया। जिसको लेकर पूर्व में क्षेत्रीय विधायक शिव अरोड़ा जिला प्रशासन से वार्ता की गई थी। जिस पर कनेक्शन ट्रांसफर शुरू करने तथा 2017 से पूर्व के निवासियों को विद्युत कनेक्शन देने का आश्वासन दिया गया था। परंतु विद्युत विभाग के कर्मचारियों द्वारा अभी तक कनेक्शन ट्रांसफर व विद्युत कनेक्शन देने का कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है। ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष के पी गंगवार,अवतार सिंह बिष्ट,रेनू जुनेजा, सुमन पन्त,शीला चौधरी, गीता देवी, ममता श्रीवास्तव,मोहित शर्मा ,उमेश भारती, सुशीला, अर्चना सक्सेना, पिंकी साहनी, मधु सेठी, अनीता, ज्योति दास, शकुंतला गंगवार, मंजू ,रानी, आरती मौर्या ,कंचन, लक्की मंडल, पंतनगर अध्यक्ष भावना सक्सेना, डॉक्टर प्रेम उर्फ बबलू गंगवार, नीरू मिश्रा, सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# शहादत दिवस पर श्रीदेव सुमन को किया याद

रामनगर (उद संवाददाता)। राजकीय इंटर कालेज ढेला में श्रीदेव सुमन के 79 वें शहादत दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।शुरुआत प्रधानाचार्य श्रीराम यादव व स्टाफ द्वारा उनके चित्र पर माल्यार्पण से हुई। 12 वीं की छात्रा सानिया अधिकारी ने प्रार्थना सभा में उनके जीवन के बारे में बताते हुए कहा श्रीदेव सुमन का जन्म 25 मई 1916 को टिहरी के जौल गांव में हुआ था. ब्रिटिश हुकूमत और टिहरी की अलोकतांत्रिक राजशाही के खिलाफ लगातार आंदोलन कर रहे श्रीदेव सुमन को दिसंबर 1943 को टिहरी की जेल में डाल दिया गया था. जिसके बाद उन्होंने भूख हड़ताल करने का फैसला किया. 209 दिनों तक जेल में रहने और 84 दिनों के भूख हड़ताल के बाद श्रीदेव सुमन का 25 जुलाई 1944 को निधन हो गया.अंग्रेजी प्रवक्ता नवेंदु मठपाल ने बताया कि जेल में सुमन ने 3 मई 1944 को अपना ऐतिहासिक अनशन शुरू किया और 25 जुलाई 1944 को शाम 4 बजे उन्होंने प्राणोत्सर्ग कर दिया। टिहरी से मात्र 12 मील दूर सुमन के गांव जौलगांव में उनके परिजनों को मृत्यु का समाचार 30 जुलाई को पहुंचाया गया। उनकी पत्नी श्रीमती विनय लक्ष्मी उन दिनों महिला विद्यालय हरिद्वार में थी, जिन्हें कोई सूचना नहीं दी गयी। लेकिन श्रीदेव सुमन का यह बलिदान न केवल टिहरी की राजशाही के अंत का कारण बना बल्कि देशभर के स्वाधीनता सेनानियों के लिये प्रेरणा का स्रोत भी बना। टिहरी जेल में 84 दिनों की भूख हड़ताल



के बाद श्रीदेव सुमन की 25 जुलाई 1944 को शहादत पर पंडित जवाहरलाल नेहरू ने 31 दिसम्बर 1945 का उदयपुर में आयोजित देशी राज्य लोक परिषद के अधिवेशन में अपने भाषण में कहा था कि 'हमारे साथियों में से जो अनेक शहीद हुये हैं उनमें टिहरी राज्य के श्रीदेव सुमन का मैं विशेष तौर पर उल्लेख करना चाहता हूं। हममें से अनेक इस वीर को याद करते रहेंगे, जो कि राज्य की जनता की आजादी के लिये काम किया करते थे।'' इस मौके पर बच्चों को बारामासा द्वारा श्रीदेव सुमन के जीवन पर बनी डॉक्यूमेंट्री भी सुनाई गई।बच्चों द्वारा कला शिक्षक प्रदीप शर्मा के दिशा निर्देशन में उनका चित्र भी बनाया गया।कार्यक्रम के अंत में वृक्षारोपण भी किया गया।इस मोके पर श्रीराम यादव,मनोज जोशी,सी पी खाती,नवेंदु मठपाल,शैलेंद्र भट्ट, बालकृष्ण चंद,सुभाष गोला, जया बाफिला मौजूद रहे।


वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# 16 लाख की स्मैक के साथ दो तस्कर दबोचे

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन के तहत एसएसपी राम चन्द्र राजगुरु के निर्देश पर जिले में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत सीओ अल्मोड़ा विमल प्रसाद के नेतृत्व में एसओजी/एएनटीएफ की संयुक्त टीम व कोतवाली अल्मोड़ा पुलिस ने चेकिंग के दौरान बेस तिराहा अल्मोड़ा के पास बाइक सवार मकसूद अली पुत्र महफूज अली, निवासी ग्राम नसरत नगर पो0 ककरुवा, थाना शहजाद नगर, जिला रामपुर, उत्तर प्रदेश के कब्जे से 135 ग्राम व महबूब अली पुत्र मौ अहमद, निवासी तक्का खाँ का बाग कालोनी, थाना सिविल लाईन्स, जिला रामपुर, उत्तर प्रदेश के कब्जे से 27.5 ग्राम स्मैक कुल 162.5 ग्राम स्मैक व 1 इलेक्ट्रानिक तराजू बरामद करते हुए दोनों को गिरफ्तार व स्मैक तस्करी में प्रयुक्त मोटर साईकिल को सीज करते हुए कोतवाली अल्मोड़ा में एन0डी0पी0एस0 एक्टके तहत अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही की गई है। पूछताछ में दोनों तस्करों ने बताया कि उक्त स्मैक मीरगंज बरेली से खरीद कर लाये थे। जिसे वह ऊँचे दामों में पहाड़ी क्षेत्रों में बेचकर लाभ कमाने के उद्देश्य से ला रहे थे। विवेचना के दौरान उक्त तस्करी में संलिप्त अन्य व्यक्तियों के नाम प्रकाश में आने पर उनके विरुद्ध भी आवश्यक कार्यवाही की जायेगी एसएसपी अल्मोड़ाद्वारा बड़ी मात्रा में स्मैक की बरामदगी करने वाली पुलिस टीम को 5 हजार के नगद ईनाम से पुरस्कृत किया गया है। बरामद स्मैक की कीमत 16 लाख 25 हजार रूपये आंकी गयी है। पकड़ने वाली टीम में एसओजी प्रभारी सुनील सिंह धानिक, प्रभारी एएनटीएफ सौरभ कुमार भारती, उपनिरीक्षक दिनेश सिंह परिहार, कांस्टेबल राकेश भट्ट, कांस्टेबल विरेन्द्र सिंह बिष्ट, कांस्टेबल मनमोहन सिंह, यामीन आदि शामिल थे।



# डिवाइन पार्क कालोनी में चलाया स्वच्छता अभियान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।महिला एवं सामाजिक जागरूकता कल्याण समिति की अध्यक्ष एवं एनसी डब्ल्यूडीसी की स्टेट प्रेसिडेंट डॉ उषा नरेंद्र जैन के नेतृत्व में डिवाइन पार्क कालोनी में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान लोगों को जागरूक करते हुऐ डॉ उषा नरेंद्र जैन ने बताया कि हर कोई अपना घर तो जरूर साफ करता है, लेकिन अपनी सारी गंदगी, कूड़ा-कचरा बाहर, गलियों, सड़को और चौराहों पर फेंक देते है। ये नहीं सोचते कि पूरा देश ही हमारा घर है। इसे भी साफ रखना हमारा ही काम है। साफ-सफाई से हमारा तन-मन दोनों स्वस्थ और सुरक्षित रहता है। यह हमें किसी और के लिए नहीं, वरन् खुद के लिए करना है। यह जागरूकता जन-जन तक पहुँचानी होगी। हमें इसके लिए जमीनी स्तर से लगकर काम करना होगा। हमें बचपन से ही बच्चों में सफाई की आदत डलवानी होगी। समिति की अध्यक्ष राधा सुभाष ने कहा कि देखा जाए तो, अपने आस-पास साफ- सफाई रखना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। अगर सभी को अपनी जिम्मेदारियों का आभास होता, तो इस अभियान की जरूरत ही नही पड़ती। इस कार्यक्रम के आयोजन श्रीमती ममता नेगी ने अपनी टीम के साथ मिलकर किया। इस कार्यक्रम में राधा सुभाष, ममता नेगी, कविता, पुष्पा सुंद्रियाल, सुशीला रावत, माधुरी अधिकारी, लीलावती देवी, सुनीता रावत,दीपा बिष्ट, सुनीता, रवीना, ममता, रीठा, पुष्पा, हर्षिता रावत, गुंजन पांडे, दुर्गा, कमला, रेनू, पूजा, माया, भगुली देवी,श्री नरेंद्र जैन, हेमंत सिंह, दीपक कुमार, मोहन आदि थे।



# मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मणिपुर में व्याप्त हिंसा एवं महिलाओं पर हो रहे अत्याचार को नियंत्रित करने में मणिपुर सरकार को बर्खास्त करने की मांग को लेकर आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओ ने कलेक्ट्रेट में सांकेतिक प्रदर्शन किया और जिल प्रशासन के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं ने कहा कि मणिपुर विगत 84 दिन से जिस हिंसा के दौर से गुजर रहा है वह चिंताजनक है। सार्वजनिक हिंसा के साथ मणिपुर में एक समुदाय के लोगों द्वारा दूसरे समुदाय की महिलाओं को निशाना बनाकर उनके साथ सार्वजनिक तौर पर जिस तरह का अमानुषिक व्यवहार किया जा रहा है वह पूरे देश को शर्मशार करने वाला है। महिलाओं के साथ घटित अमानुषिक घटनाओं की देश से लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निंदा हो रही है। मणिपुर की वर्तमान सरकार ने राज्य में व्याप्त अराजकता एवं सार्वजनिक हिंसा को रोकने के मामले में पूरी उदासीनता बरती है। 3 मई को जिस दिन से जातीय हिंसा की शुरुवात हुई उसके दूसरे दिन 4 मई को एक समुदाय के लोगों को दूसरे समुदाय के लोगों ने पुलिस की हिरासत से छुड़ाकर सार्वजनिक रूप से दो महिलाओं को निर्वस्त्र करके जुलूस निकाला तथा पुरुषों की हत्या की गई उस पर सरकार और प्रशासन ने संज्ञान लेकर कार्यवाही करने के बजाय चुप्पी साध कर घटना को सार्वजनिक होने से रोकने के लिए पूरी ताकत लगाई। राज्य में व्याप्त केंद्रीय खुफिया एजेंसियों द्वारा इतनी वीभत्स घटना की सूचना गृह मंत्रालय भारत सरकार को निश्चित रूप से भेजी होंगी। भारत सरकार ने भी इतनी बड़ी घटना को छुपाने में राज्य सरकार को सहयोग करके मणिपुर को जलने दिया। मणिपुर में हो रही हिंसा के 77 दिन बाद महिलाओं के साथ हुई अमानुषिक घटना का वीडियो सार्वजनिक होने पर भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ जी की सख्त टिप्पणी के उपरांत ही मणिपुर पर प्रधानमंत्री का मौन टूट पाया, लेकिन मणिपुर सरकार पर उनका वरदहस्त यथावत है और इस मोह के कारण मणिपुर आज भी जल रहा है। ज्ञापन में राज्यपाल से मणिपुर में हिंसा को रोकने के लिए मणिपुर की वर्तमान सरकार को तत्काल प्रभाव बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में सुभाष व्यापारी, जसपाल सिंह, जनार्दन सिंह, सीपी अधिकारी, आनंद सिंह, रोहित राना, जावेद मलिक, सुभाष माझी, किरन आदि शामिल थे।



# शिविर में ग्रामीणों को दी विधिक जानकारी

किच्छा( उद संवाददाता)।सुचेतना समाज सेवा संस्था द्वारा ग्राम खुरपिया मे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में सड़क सुरक्षा यातायात नियम,ओवर स्पीड पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विधिक प्राधिकरण के पीएलवी व पैनल के अधिवक्ता लालू प्रसाद ने लोगों को विधिक जानकारी दी। उपस्थिति लोगों को विधिक जानकारी देते हुए बताया कि वाहन चलाते समय सड़क पर चलने के नियमों का पालन करने से दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है और जीवन सुरक्षित रहता है।यही नहीं विभिन्न प्रकरणों में भी सड़क यातायात के नियमों का पालन करने से लाभ मिलता है। इस अवसर पर मुख्य रूप से पी एल वी धर्मेंद्र,शिखा त्रिपाठी, बांके लाल, हेमलता कटारिया, अंजू, संस्था सचालिका रिंकी सक्सैना, शुशीला देवी, बंदना, गिरिजा शंकर आदि लोग उपस्थिति थे। प्राधिकरण के पी एल वी ने ग्राम की विभिन्न समस्याओं का भी संज्ञान लिया।



# आपसी विवाद में युवक पर झोंक फायर, केस दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आपसी विवाद के चलते कुछ लोगों ने युवक पर तमंचे से फायर झोंक दिया। जिसमें युवक बाल बाल बचा। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। भोजपुरा बरेली उत्तर प्रदेश निवासी अनीस पुत्र अली ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीते दिनो वह अपने दोस्त अशफाक के पास खेड़ा कॉलोनी जा रहा था तभी रास्ते में बजीर पुत्र कदीर निवासी खेडा काँलोनी और तीन अन्य लोगों ने उसे घेर लिया और तमन्चा से फायर किया उसके साथ मारपीट भी की गयी। भीड़ जमा होने उसी जान बच पायी। नहीं तो उक्त लोग उसे जान से मार देते। पीड़ित का कहना है कि वजीर और एक अन्य व्यक्ति के उसे बार बार फोन आ रहे हैं जिसमें उसे गंदी गंदी गालियां और जान से मारने की धमकी दी जा रही है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# भाजपा और शीर्ष नेतृत्व की हृदयहीनता से अचंभित : हरदा

देहरादून(उद संवाददाता)। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने मणिपुर में भड़की जातीय हिंसा के मामले में बड़ा बयान दिया



है। सोशल मीडियापर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि वो भाजपा और शीर्ष नेतृत्व की हृदयहीनता से अचंभित हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भाजपा वोटों की राजनीति कर रही है। पूर्व सीएम हरीश रावत और वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने मणिपुर मामले पर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि वो भाजपा और शीर्ष नेतृत्व की हृदयहीनता से अचंभित हैं। वहां की अमानवीय घटनाओं को रोकने में केंद्र सरकार उचित निर्णय लेने में विफल साबित हो रही है। से इसके साथ ही उन्होंने कहा कि विपक्षी पार्टियां लगातार पीएम मोदी से सरकार बर्खास्त करने की मांग कर रही है। लेकिन पीएम मोदी के अभी तक कोई एक्शन ना लेने पर जनता समेत विपक्षी पार्टियों मे आक्रोश है। पूर्व सीएम हरीश रावत ने कहा कि मैं भाजपा सरकार और उनके शीर्ष नेतृत्व की हृदय हीनता को देखकर काफी अचंभित हूं। जिन्होंने अभी तक मणिपुर मामले में कोई एक्शन नहीं लिया है। उन्होंने कहा कि मणिपुर के मुख्यमंत्री खुश हैं कि उन्होंने बहुमत को अल्पमत के खिलाफ कर दिया है। एक जातीय समूह को दूसरे जातीय समूह के खिलाफ कर दिया है। पूर्व सीएम हरीश रावत का कहना है कि भाजपा सीमांत और संवेदनशील प्रदेश में वोटों की राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा कि भारत की संस्कृति ऐसी है कि स्त्री के चीरहरण पर महाभारत हो गई थी। जिस तरह से मणिपुर में महिलाओं को नग्न कर परेड करवाई गई ऐसे में मोदी सरकार एक सरकार बर्खास्त नहीं कर पा रही है। उन्होंने कहा कि मणिपुर की घटना से हमें अंकिता याद आ रही है कि कैसे बर्बर तरीके से उसे मरने के लिए बाध्य किया गया। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार सिर्फ महिलाओं के सम्मान की बात कहती है। अगर सच में ऐसा होता तो मणिपुर की घटना के बाद सरकार को बर्खास्त किया जाता।

## पेज एक का शेष...

**मशरूम प्लांट में रैक गिरने...** रैक टूटकर गिर गई। रैक के गिरते ही पूरे प्लांट में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची अन्य महिलाओं की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग एकत्र हो गए। उन्होंने रैक के नीचे दबी महिलाओं को निकालने का काम शुरू किया। जानकारी मिलते ही झबरेड़ा पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने लोगों की से रेस्क्यू शुरू किया। बमुश्किल छह घायल महिलाओं को बाहर निकाला गया और झबरेड़ा स्थित एक अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने 27 वर्षीय अमृता पत्नी नरोत्तम निवासी सढोली और 38 वर्षीय सुदेश पत्नी मांगे राम निवासी कोटवाल आलमपुर को मृत घोषित कर दिया। रूबी पत्नी संजय निवासी सढोली और सुमलेश निवासी सढोली की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। सतेंद्री पत्नी इन्द्र सिंह और ज्योति पत्नी मनोज निवासी सढोली का झबरेड़ा में ही इलाज चल रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अभिनव शाह और झबरेड़ा विधायक वीरेंद्र जाती भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने मृतक और घायलों के परिजनों से मुलाकात की। उधर प्लांट में हादसे की जानकारी मिलते ही प्लांट मालिक मौके से फरार हो गए। वहीं जिन महिलाओं की मौत हो गई थी, उनके परिजन झबरेड़ा से मृतकों के शव दोबारा प्लांट पर लेकर पहुंच गए। उन्होंने शव प्लांट के पास रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। उनका आरोप था कि प्लांट मालिक घायलों का इलाज कराने के बजाय मौके से फरार हो गया। उन्होंने मृतकों और घायलों के परिजनों को मुआवजा दिलाने की मांग की। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अभिनव शाह, तहसील दार और झबरेड़ा विधायक वीरेंद्र जाती देर रात तक परिजनों को समझाते रहे। बाद में प्रशासन ने कंपनी मालिक अमित कुमार के से वार्ता की और दोनों पक्षों के बीच समझौता हुआ। मृतक महिलाओं के परिजनों को छह छह लाख रुपए के चेक दिए गए तथा घायलों के उपचार कराने की जिम्मेदारी ली गई। उसके बाद मृतक महिलाओं के शव को फैक्ट्री से उठा पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल रुड़की भिजवा दिया गया।

**प्रदेश में राज्य योजना....** विकास में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करेगा। सभी समूहों का समावेश करेगा। राज्य के युवाओं के लिए अवसरों की समानता। पर्यावरण को बचाते हुए सतत विकास। सरकार के प्रत्यक्ष और उत्तदायी बनाने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग कर पारदर्शिता सुनिश्चित करेगा। राज्य के संसाधनों के कुशल और प्रभावी उपयोग के लिए समन्वय, सामुदायिक भागीदारी व नेटवर्किंग पर जोर देगा। सेतु के संगठनात्मक ढांचे के मुताबिक, मुख्यमंत्री इसके अध्यक्ष होंगे। यदि वह नियोजन मंत्री हैं, तो उपाध्यक्ष पद पर वह किसी मंत्री को नामित करेंगे। मुख्य कार्यकारी अधिकारी मुक्त बाजार से लिया जाएगा। यह नामी अर्थशास्त्री या सेवानिवृत्त नौकरशाह हो सकता है। सभी मंत्री इसके सदस्य होंगे। सेतु के तहत तीन केंद्र होंगे और प्रत्येक में दो-दो सलाहकार होंगे। इनमें आर्थिक एवं सामाजिक विकास केंद्र में आर्थिकी एवं रोजगार सलाहकार, लोक नीति एवं सुशासन केंद्र में लोक नीति एवं सुशासन सलाहकार व शहरी व अर्द्ध शहरी विकास सलाहकार व साक्ष्य आधारित योजना केंद्र में सांख्यिकी एवं डाटा व अनुश्रवण व मूल्यांकन सलाहकार होंगे।ये सभी सलाहकार विभागों को सलाह देंगे और विभागीय योजनाओं में समय और भावी जरूरत के हिसाब से संशोधन के लिए मार्गदर्शन करेंगे।

**अंकित हत्याकांड मामले...**उसी की कार के अंदर फेंक दिया था। इसके बाद, वे सभी फरार हो गए थे। तीन दिन बाद पुलिस ने सपेरे रमेश नाथ को गिरफ्तार कर वारदात का पर्दाफाश किया था। बीते दिवस पुलिस ने मामले की मुख्य आरोपी माही और उसके पुराने प्रेमी दीप कांडपाल को गिरफ्तार कर लिया था। इस वारदात में अन्य फरार आरोपियों में माही की नौकरानी ऊषा देवी व नौकर रामअवतार भी फरार चल रहे थें। जिन्हें ढूंढने में लगायी पुलिस टीम ने पश्चिम बंगाल के मालदा टाउन से पकड़ा है। अब पुलिस पूरी कार्रवाई करने के उपरान्त बुधवार तक उक्त दोनों आरोपियों को हल्द्वानी लेकर पहुंचने की संभावना है। शायद उसी दिन पुलिस मामले का पूरा खुलासा करेगी।

**तमंचे के साथ...**निवासी जगतपुरा गली नं. तीन बताया। पुलिस ने युवक के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पकड़े गये आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह नशे का आदी है। कल वह अटरिया पुल की ओर नशा करने के लिए गया था जहां उसकी कुछ लोगो से कहासुनी और मापरीट हो गयी थी तब से वह अपनी सुरक्षा और मारपीट करने वालों को सबक सिखाने के लिए तमंचा लेकर घूम रहा था।

**हजारों की नगदी...**गड्डी और 14 हजार 710 रूपये की नगदी भी बरामद की गयी। तीनों को कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार करने वालों में कांस्टेबल अमित जोशी, महेन्द्र कुमार, राजेन्द्र अधिकारी और पीआरडी जवान फिरासत अली आदि शामिल थे।

**साइबर ठगों ने ...**किसी के साथ साझा नहीं की थी इसके बावजूद उक्त धनराशि खातों से गायब हो गयी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
**सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र**
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

Live Healthy... Live Nature...
Live in Kashi Garden

CONSTRUCTING HAPPINESS

RERA APPROVED PROJECT
UKREP05230000497

# काशी गार्डन

## आवासीय प्लॉट एवं विला

- रेरा एप्रूव्ड कॉलोनी
- 40 एवं 30 फीट की सड़कें
- 4 पार्क
- गेट बंद कॉलोनी
- सीव्रेज व्यवस्था
- ए-क्लास इन्फ्रास्ट्रक्चर
- 90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा

साईट ऑफिस - शिमला पिस्तौर, डीपीएस स्कूल के पास, रुद्रपुर

86504-18000